आकाशवाणी शिमला

22.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के सभी प्रमुख अस्पतालों में एक वर्ष के भीतर एम्स की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी और सभी पीएचसी में डॉक्टरों की तैनाती की जाएगी। मुख्यमंत्री आज सुलह में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर सुलह विधानसभा क्षेत्र की सभी पात्र महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत 15 सौ रूपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सुलह विधानसभा क्षेत्र में राज्य बिजली बोर्ड का डिविजन कार्यालय खोलने और भवारना को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कांगड़ा जिला के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही 8 सौ पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती में अग्निवीरों को भी स्थान दिया जाएगा।

विक्रमादित्य

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के जाठिया देवी में नया शहर बसाने के लिए स्थानीय लोगों की इच्छा के विरूद्ध एक इंच भूमि का अधिग्रहण भी नहीं किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों के हितों की रक्षा करना उनका दायित्व है। उन्होंने आश्वस्त किया कि अधिग्रहण प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी।

विक्रमादित्य बाइट – इसमें मैंने बिल्कुल साफ बात कही है कि 1 इंच जमीन सरकार बिना लोगों के अनुमति के नहींलेगी, अगर कोई अपने तरफ से जमीन देना चाहता है तो नेगोशिएशन के माध्यम से जमीन ली जाएगी, उसके लिए हम उनका स्वागत करते हैं। इसके इसके मारफत मैंने जो हिमूड़ा के सीईओ है उनसे भी बात करी है क्योंकि ये मेरा निर्वाचन क्षेत्र भी है। मंत्री होने के साथ–साथ मुझे वहां के लोगों की जो समस्याएं हैं। उसका निवारण भी करना है, वो भी सुनना है, हम चाहते हैं कि डेवलपमेंट हो, इसमें कोई दोराये नहीं, शहर आना चाहिए।

इस सैटेलाईट टाउनशिप के लिए 12 सौ बीघा जमीन का अधिग्रहण किया जाना है जबकि 2 सौ 60 जमीन का अधिग्रहण पहले ही किया जा चुका है।

नेता प्रतिपक्ष

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। जयराम ठाकुर ने आज धर्मशाला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के खिलाफ एस.आई.टी. जांच को दबाने का प्रयास कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री भाषण देते हैं कि सुक्खू जी ऐसे नहीं चलेगा कुछ अधिकारी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को मिलते हैं। उनको रात के अंधेरे में निपटाएंगे। दोनों हाथों में डंडा लेकर के ठीक करने की बात कही। मालूम पड़ा है कि एक इंक्वारी के आदेश हुए हैं, कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता के खिलाफ विजिलेंस की इंक्वारी के आदेश दिए गए हैं। डीजीपी ने उसमें "ग्र कंस्टीट्यूट करने की प्राइसेज शुरू कर दी थी। फिर वो जाकर के वो नेता दिल्ली जाकर के पार्टी हाइ कमान को मिलकर के आता है और पार्टी हाई कमान को कहा कि ऐसे नहीं चलेगा। अल्टीमेटम दिया कि अगर इस जांच को नहीं रोका तो मैं एक हफ्ते के अंदर अपना त्याग पद से दे दूंगा। वो कौन मंत्री हैं? कौन वरिष्ठ नेता है? कांग्रेस के ? कहीं वो तो नहीं जिन्होंने मंडी के उस जश्न की उस सभा में कहा था कि ऐसे नहीं चलेगा, आनन फानन में उस जांच को अब दबा दिया गया है। सही मायने में मुख्यमंत्री जी जांच की कोई शिकायत मिली है ,जांच के आदेश करना चाहते हों, सार्वजनिक होना चाहिए।

जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार विकास के मामले में शून्य रही है और सरकार का तीन वर्ष का कार्यकाल सिर्फ भाजपा को कोसने में गुजर गया। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार की लोकप्रियता रसातल में चली गई है।

मौसम

प्रदेश में आज से मौसम के करवट बदलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार हिमालय क्षेत्र में आज से ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके प्रभाव से आज रात से प्रदेश में वर्षा और बर्फबारी का सिलसिला शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग के निदेशक शोभित कटियार ने बताया कि प्रदेश में 24 जनवरी तक वर्षा और बर्फबारी का सिलसिला जारी रहेगा। विभाग ने कल 23 जनवरी को राज्य के 9 जिलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा, बर्फबारी और आंधी तुफान का ऑरेंज अर्लट भी जारी किया है।

प्रदेश में आज 22 जनवरी की रात से ही बारिश का दौर चालू हो जाएगा और हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में बारिश और बर्फबारी का दौर कल 23 जनवरी को देखने को मिलेगा और इसका असर जो है 24 जनवरी की सुबह तक रुक रुककर देखने को मिलता रहेगा और मुख्य रूप से लाहौल स्पीति, चंबा जिला है और कुल्लू जिले के ऊंचाई वाले स्थान हैं वहां पर भारी बर्फबारी होने की संभावनाएं बनी हुई है। कल 23 जनवरी को इसको ध्यान में रखते हुए ऑरेंज अलर्ट हमने लाहौल स्पीति, चंबा और कुल्लू जैसे जिलों के लिए हमने जारी किया हुआ है। ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा और सिरमौर और मंडी जैसे जिलों में भरी बारिश की संभावना कल 23 को बनी हुई है। कांगड़ा जिला,ऊना, बिलासपुर, सोलन और सिरमौर जिले में ओलावृष्टि होने की कल 23 जनवरी को संभावना बनी हुई है।